This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शनिवार, 31 मई, 2025 / 10 ज्येष्ठ, 1947

हिमाचल प्रदेश सरकार

उद्योग विभाग

अधिसूचना

शिमला-2, 15 **मई,** 2025

संख्याः Ind-B(F) 6-31/2016-II.—हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की धारा 9 ख और 15 क के साथ पठित धारा 15

द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस विभाग की अधिसूचना संख्याः Ind-B-F(6)-31/2016, तारीख 22-08-2016 द्वारा अधिसूचित और राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में तारीख 27-08-2016 को प्रकाशित और अधिसूचना संख्या इंड-II (एफ) 10-7/2018 तारीख 28-10-2020 तथा संख्या इंड-बी(एफ) 6-31/2016-II तारीख 10-12-2022 द्वारा और संशोधित हिमाचल प्रदेश जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2016 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थातः—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.––(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश जिला खनिज संस्थान न्यास (संशोधन) नियम, 2025 है।

(2) ये नियम राजपत्र (ई-गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. नियम 2 का संशोधन.––हिमाचल प्रदेश जिला खनिज **संस्थान** न्यास नियम, 2016 (**निन्हें इसमें** इसके **पश्चात्** 'उक्त नियम' कहा गया है) के नियम **2** में,—

(क) उप-नियम (1) में खंड (ख) के नीचे स्पष्टीकरण में उप-खंड (i) में मद (ख) के स्थान निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(ख) हिमाचल प्रदेश में **सम्बद्ध** जिला सीमाओं को विचार में लाए बिना किसी खान या खानों के समूह (क्लस्टर) से पंद्रह किलोमीटर की परिधि के भीतर का कोई क्षेत्र;"

(ख) उप-नियम (1) के खंड (ख) के नीचे स्पष्टीकरण के उप-खंड (i) में, **मद** (घ) के **पश्चात्,** निम्नलिखित नई **मद** (ङ) अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:—

"(ङ) प्रमुख खनिज खदानों के मामलों में, वे ग्राम, ग्राम पंचायतें या शहरी स्थानीय निकायो (यूएलबीएस), जिनमें खदानें स्थित और परिचालित हैं, ऐसे खनन क्षेत्र समीपवर्ती ग्रामों, खण्डों, जिलों या अन्य राज्य तक विस्तारित हो सकेंग।

परंतु यदि एक जिले में किसी खदान का प्रभावित क्षेत्र किसी अन्य जिले के अधिकार क्षेत्र में भी आता है (यहाँ तक कि अन्य राज्य में) तो प्रभावित क्षेत्रों के अनुपात में संस्थान द्वारा एकत्र की गई रकम की ऐसी प्रतिशतता ऐसे क्षेत्रों में क्रियाकलापों को कार्यान्वित करने के लिए संबंधित अन्य जिला के संस्थान को स्थानांतरित की जाएगी। कोई भी ऐसी परियोजना जो प्रभावित क्षेत्र/लोगों के फायदे के लिए हो किंतु जो जिले की भौगोलिक सीमा से बाहर जाती हो, उसे 'प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना' (पीएमकेकेकेवाई) के अंतर्गत राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति लेने के **पश्चात्,** हि आरम्भ की जानी चहिए।"

(ग) उप-नियम (1) में खंड (ख) के नीचे स्पष्टीकरण में उप-खंड (ii) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(ii) "अप्रत्यक्षः प्रभावित क्षेत्र" से, हिमाचल प्रदेश के **सम्बद्ध** जिला की सीमाओं को विचार में लाए बिना, किसी खान या खानों के समूह से पंद्रह किलोमीटर से **पच्ची** किलोमीटर की परिधि के भीतर के ऐसे क्षेत्र अभिप्रेत हैं, जहाँ कि स्थानीय जनसंख्या की खनन संबंधी संक्रियाओं के कारण आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय परिणामों के कारण प्रतिकूलतः प्रभावित होती है। खनन का प्रमुख नकारात्मक प्रभाव, जल प्रदूषण, मृदा और वायु की गुणवत्ता का अपकर्षण, नदियों के बहाव में कमी और भूगर्भ जल का कम होना और खनन संक्रियाओं के कारण जमाव और प्रदूषण, खनिजों का परिवहन, विद्यमान अवसंरचना और संसाधनों पर वर्धित भार है" ।

(घ) उप-नियम (1) में खंड (ख) के नीचे स्पष्टीकरण में उप-खंड (iii) के **पश्चात्,** निम्नलिखित नया उप-खंड (iv) अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(iv) जिला खनिज संस्थान (डी. एम.एफ.एफ.) ऐसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों की अद्यतन सूची तैयार करेगा तथा उसका **अनुसरण करेगा**"।

(ङ) उपनियम (1) के खंड (ग) के स्थान पर निम्नलिखित **रखा** जाएगा, अर्थात्:—

"(ग) निम्नलिखित में "प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्ति" **सम्मिलित** होंगे:—

(क) (i) **''प्रभावित कुटुम्ब'' से** भूमि **अर्जन**, पुनर्वासन और **पुनर्व्यवस्थापन** में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 3(ग) के **अधीन** यथा परिभाषित **अभिप्रेत है;**

(ii) **''विस्थापित कुटुम्ब'' से** भूमि **अर्जन**, पुनर्वासन और **पुनर्व्यवस्थापन** में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 3(ट) **में यथा** परिभाषित **अभिप्रेत है;**

(iii) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र में संबंधित ग्राम **सभा / शहरी स्थानीय निकाय** (यूएलबी) द्वारा उचित रूप से पहचाने गए **अन्य** कोई **क्षेत्र**।

(ख) खनन से प्रभावित व्यक्तियों में वे **व्यक्ति भी सम्मिलित** होने चाहिए जिनके पास **फलोपभोग और परंपरागत अधिकारों सहित खनित की जा रही भूमि पर विधिक और उपजीविकाजन्य अधिकार है, और जिनकी आजीविका खनन के कारण प्रभावित हुई है।**

(ग) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र में प्रभावित कुटुम्बो की पहचान, जहाँ तक संभव हो, ग्राम सभा/शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) के स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधियों के परामर्श से की जानी चाहिए।

(घ) जिला खनिज संस्थान (डी.एम.एफ.) ऐसे प्रभावित व्यक्तियों/स्थानीय समुदायों की **अद्यतन** सूची तैयार करेगा और उसे अनुरक्षण करेगा। सूची को प्रत्येक पाँच वर्षों में कम से कम एक बार अद्यतन की जाएगी।

3. नियम 8-क का अंत:स्थापन.–उक्त नियमों के नियम 8 के पश्चात् निम्नलिखित नया नियम 8-क अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"8 क. पांच वर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना और वार्षिक योजना- समस्त प्रभावित लोगों और क्षेत्रों को व्यवस्थित और **समयबद्ध** तरीके से व्यासि देने के लिए दीर्घकालिक योजना आवश्यक है। जिला खनिज संस्थान (डीएमएफ) निधियों का उपयोग करने हेतु कार्यों के कार्यान्वयन के लिए निधियों के उचित उपयोग के लिए:

(i) जिलों को परिप्रेक्ष्य योजना निर्माण के लिए शैक्षणिक संस्थानों, प्रख्यात संगठनों/अभिकरणों के माध्यम से एक आधारभूत सर्वेक्षण आयोजित करना होगा। ग्राम सभा/स्थानीय निकाय आवश्यकता मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करने में सहायता कर सकेंगे। डीएमएफ किसी भी विभाग द्वारा किए गए आधारभूत सर्वेक्षण का भी उपयोग कर सकेंगे, यदि उपलब्ध हो। सर्वेक्षणों के संदर्भ और प्रमुख निष्कर्षों को जिले के लिए पी.एम.के.के.के.वाई. के अंतर्गत परिप्रेक्ष्य योजनाओं में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।

(ii) बेसलाइन सर्वेक्षण या ऐसे किसी सर्वेक्षण/मूल्यांकन के माध्यम से पहचाने गए निष्कर्षों और कमियों के आधार पर, डीएमएफ पांच वर्षों के लिए एक रणनीति तैयार करेगा और उसे परिप्रेक्ष्य योजना में शामिल किया जाएगा। पांच वर्ष की परिप्रेक्ष्य योजना पांच वर्ष की अवधि में डीएमएफ में उपलब्ध वर्तमान शेष राशि और संभावित उपार्जन को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाएगी। पांच वर्ष की परिप्रेक्ष्य योजना को वर्षवार कार्य योजनाओं में विभाजित किया जाएगा।

(iii) पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना में सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिलाओं और बच्चों का कल्याण आदि तथा अन्य क्षेत्रों जैसे सड़क, सिंचाई आदि पर अलग-अलग खंड होंगे।

(iv) पांच वर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना को डीएमएफ की शासी परिषद **द्वारा** अनुमोदित किया जाएगा और डीएमएफ की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(v) डीएमएफ की वार्षिक योजनाएं जिन्हे प्रत्येक वर्ष गवर्निंग काउंसिल द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, पांच वर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना और पिछले वर्षों में अपने लक्ष्यों को पूरा करने में प्राप्त सफलता पर आधारित होंगी। वार्षिक योजनाओं में कुछ अन्य कार्य और व्यय शामिल हो सकते हैं, जिन्हें तत्काल प्रकृति का माना जाता है, तथापि उन्हे परिप्रेक्ष्य योजना में वार्षिक योजना के अधिकतम 10 प्रतिशत तक शामिल नहीं किया गया है।

(vi) राज्य सरकार आधारभूत सर्वेक्षण करने तथा पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना तैयार करने के लिए प्रतिष्ठित संगठन/एजेंसियों/**विश्वविद्यालयों** को पैनल में शामिल कर सकेगी।

(vii) शासी परिषद पाँच वर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना और वार्षिक योजना को मंजूरी देगी जिसमें वित्तीय वर्षों में शुरू की जाने वाली परियोजनाओं की सूची शामिल होगी।

4. नियम 12-क का **अंतस्थापन**.–उक्त नियम के नियम 12 के पश्चात् निम्नलिखित नियम 12- क **अंतस्थापित** किया जाएगा, अर्थात्:—

राज्य स्तरीय निगरानी समिति:

(1) राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक "राज्य स्तरीय निगरानी समिति" गठित की जाएगी, जिसमें **कार्यकारी** विभागों, वित्त एवं योजना विभाग के सचिव तथा **खान मंत्रालय,** भारत सरकार का एक प्रतिनिधि सदस्य **के रूप में शामिल होंगे।**

(2) भूविज्ञान एवं **खनन** विभाग या राज्य में डीएमएफ का पर्यवेक्षण करने के लिए **नियुक्त** किसी अन्य विभाग का सचिव "राज्य स्तरीय निगरानी समिति" के सदस्य सचिव **होंगे**।

(3) भूविज्ञान एवं खनन निदेशालय या राज्य सरकार **द्वारा** सौंपा गया कोई भी निदेशालय राज्य में डीएमएफ की गतिविधियों की निगरानी के लिए "राज्य स्तरीय नोडल डीएमएफ प्रकोष्ठ" नामक एक प्रकोष्ठ का गठन करेगा और राज्य स्तरीय निगरानी समिति के लिए सचिवालय के रूप में कार्य करेगा।

(4) राज्य स्तरीय निगरानी समिति के कार्य:—राज्य स्तरीय निगरानी समिति डीएमएफ के प्रदर्शन और पारदर्शिता मानदंडों के अनुपालन, डीएमएफ की लेखा परीक्षा और वार्षिक रिपोर्ट की निगरानी करेगी।

(5) राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक वर्ष में कम से कम दो बार होगी।

5. नियम 15 का प्रतिस्थापन.—उक्त नियमों के नियम 15 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात्:—

"15. न्यास निधि से व्यय—

(1) न्यास निधि का उपयोग मुख्यत: खनन या खनन संबंधी कार्यों से प्रभावित व्यक्तियों और क्षेत्रों के फायदे के लिए तथा उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए किया जाएगा। निधियों को यथासंभव प्रत्येक खदान के योगदान के अनुपात में आवंटित किया जाएगा। पीएमकेकेकेवाई के तहत की जाने वाली विकासात्मक और कल्याणकारी गतिविधियां, जहाँ तक संभव हो, राज्य और केंद्र सरकार **द्वारा** वित्त पोषित चल रही योजनाओं/परियोजनाओं के पूरक की प्रकृति की होनी चाहिए। 'प्रदूषणकर्ता भुगतान करता है सिद्धांत के तहत की जाने वाली गतिविधियों को पीएमकेकेकेवाई के तहत नहीं उठाया जाना चाहिए। हालांकि, संस्थान की शक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, राज्य और जिले के साथ अभिसरण प्राप्त करने के प्रयास किए जायेंगे। योजनाएँ इस प्रकार बनाईं जाएँ कि संस्थान द्वारा की जाने वाली गतिविधियां विकास और कल्याणकारी गतिविधियों की पूरक हों और उन्हें राज्य योजना के लिए अतिरिक्त बजटीय समाधान माना जाए। डीएमएफ खनन प्रभावित क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए चल रही केंद्रीय और राज्य योजनाओं के साथ अभिसरण पर ध्यान

केंद्रित करेगा। योजनाएं तैयार करते समय, डीएमएफ आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत लक्ष्यों को प्राप्त करने को प्राथमिकता देंगे।

(2) न्यास निधि की एक वर्ष में प्राप्त होने वाली संभावित कुल राशि को निम्नलिखित प्रयोजनों लिए विशिष्ट रूप से चिन्हित किया जाएगा:—

(क) वार्षिक प्राप्तियों के 10% के बराबर राशि स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिए बंदोबस्ती निधि के रूप में रखी जानी चाहिए। 10 करोड़ रुपये या उससे अधिक वार्षिक संग्रह वाले जिलों को बंदोबस्ती निधि बनाए रखनी चहिए। बंदोबस्ती निधि को सरकारी प्रतिभूतियों/बोंडों और अनुसूचित बैंकों की एफ़डी और अन्य साधनों में निवेश किया जा सकेगा। बंदोबस्ती निधि का उपयोग उन क्षेत्रों में आजीविका बनाने और बनाए रखने के लिए किया जाना चाहिए जहां किसी भी कारण से खनन गतिविधि बंद हो गई है, जिसमे खनिज की कमी भी शामिल है;

(ख) संस्थान की वार्षिक प्राप्तियों के 5% से अधिक राशि का उपयोग संस्थान की प्रशासनिक, पर्यवेक्षी और ऊपरी लागतों के लिए नहीं किया जा सकेगा जहां तक संभव हो, जिला खनिज संस्थान के तहत कोई अस्थायी/स्थायी पद नहीं बनाए जाने चाहिए। संस्थान द्वारा अस्थायी/स्थायी पदों के सृजन और वाहन की खरीद के लिए राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होगी। हालाँकि, न्यूनतम आवश्यक कर्मचारियों को अनुबंध के आधार पर लगाया जा सकता है। जिला खनिज संस्थान की क्षमता बढ़ाने और जिला खनिज संस्थान निधि के प्रभावी उपयोग के लिए, 50 करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक संग्रह वाले जिला खनिज संस्थान को योजना, तकनीकी, लेखा और निगरानी सहायता के लिए एक परियोजना प्रबंधन इकाई स्थापित करनी होगी और ऐसे पीएमयू की लागत प्रशासनिक खर्चों से पुरी की जा सकती है। पीएमयू अनुबंध के आधार पर आवश्यक योग्य जनशक्ति को लगा सकेगा। पीएमकेके वाई के अधीन व्यक्ति केवल संविदात्मक आधार पर केवल सीमित अवधि के लिए ही लगाए जाएंगे।

(ग) जिला खनिज संस्थान न्यास में कुल वार्षिक प्राप्ति का 70% केवल प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में खर्च किया जाएगा और प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) के तहत निम्नानुसार खर्च किया जाएगा:—

(i) पेयजल आपूर्ति.—केन्द्रीकृत शुद्धिकरण प्रणालियाँ, जल उपचार संयंत्र, पेयजल के लिए सटैंडअलोन सुविधाओं सहित स्थायी/अस्थायी जल वितरण नेटवर्क, पाइप जलापूर्ति प्रणाली बिछाना।

(ii) पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण उपाय—अपशिष्ट उपचार संयंत्र, बाढ़ सुरक्षा कार्यों सहित क्षेत्र में धारा, झीलो, तालाबो, भूजल, अन्य जल संसाधनों के प्रदूषण की रोकथाम, खनन कार्यों और डंपों के कारण होने वाले वायु और धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय, खान जल निकासी प्रणाली, खान प्रदूषण रोकथाम **प्रौद्योगिकियां** और पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ खान विकास के लिए आवश्यक **परित्यक्त** खानों और अन्य वायु, जल और सतह प्रदूषण नियंत्रण तंत्र पर काम करने के उपाय।

(iii) स्वास्थ्य देखभाल। प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिक/**द्वितीयक** स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। जोर केवल स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ही नहीं होना चाहिए, बल्कि आवश्यक स्टाफिंग, उपकरण और आपूर्ति के प्रावधान पर भी होना चाहिए। ऐसी सुविधाओं को प्रभावी बनाने के लिए, इस सीमा तक प्रयास स्थानीय निकायों, राज्य और केंद्र सरकार के मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे के साथ पूरक और अभिसरण में काम करना चाहिए। खनन से संबंधित बीमारियों और रोगों की देखभाल के लिए आवश्यक विशेष बुनियादी ढांचे को डिजाइन करने के लिए राष्ट्रीय खनिक स्वास्थ्य संस्थान के पास उपलब्ध विशेषज्ञता/ पुंजी का भी उपयोग किया जा सकेगा। खनन प्रभावित व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल के लिए समूह बीमा योजना लागू की जा सकेगी।

(iv) शिक्षा - स्कूल भवन का निर्माण, अतिरिक्त कक्षा कक्ष, प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय, कला और शिल्प कक्ष, शौचालय ब्लॉक, पेयजल प्रावधान, दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों/शिक्षकों के लिए आवासीय छात्रावास, खेल अवसरंचना, शिक्षकों/अन्य सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति, ई-लर्निंग सेटअप, परिवहन सुविधाओं की अन्य व्यवस्था (बस/वैन/साइकिल/रिक्शा/आदि) और पोषण संबंधी कार्यक्रम।

(v) महिलाओं और बच्चों का कल्याण- मातृ एवं बाल स्वास्थ्य, कुपोषण, संक्रामक रोगों आदि की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कार्यक्रम पीएमकेकेकेवाई के अंतर्गत शुरू किया जा सकेगा।

(vi) **वृद्ध** और विकलांग व्यक्तियों का कल्याण- वृद्ध एवं विकलांग व्यक्तियों के कल्याण के लिए विशेष कार्यक्रम।

(vii) कौशल विकास- स्थानीय पात्र व्यक्तियों के लिए आजीविका सहायता, आय सृजन और आर्थिक गतिविधियों के लिए कौशल विकास। परियोजनाओं/योजनाओं में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

इसमे प्रशिक्षण, कौशल विकास केंद्र का विकास, स्वरोजगार योजनाएं, स्वयं सहायता समूहों को सहायता तथा ऐसे स्वरोजगार आर्थिक क्रियाकलापों के लिए अग्रिम और पश्चवर्ती सम्पर्कों का उपबंध शामिल है।

(viii) स्वच्छता- कचरे का संग्रहण, परिवहन और निपटान, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, उचित जल निकासी और सीवेज उपचार संयंत्र की व्यवस्था, मल, कीचड़ के निपटान की व्यवस्था, शौचालयों की व्यवस्था और अन्य संबंधित गतिविधियाँ।

(ix) आवास - केंद्रीय या राज्य योजनाओं के अंतर्गत कवर न होने वाले खनन प्रभावित लोगों के लिए पक्के आवास का उपबंध।

(x) कृषि - बागवानी और कृषि वानिकी से संबंधित कृषि गतिविधियाँ। सहायक प्रशिक्षणों के माध्यम से किसानों को सहायता, एफपीओस/सामूहिक/सहकारी, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, कोल्ड स्टोरेज सहित भंडारण, मार्केट यार्ड जैसी विपणन सुविधाएँ, वृक्षारोपण, औषधीय जड़ी-बूटियों के प्रसंस्करण के लिए सहायता।

(xi) पशुपालन - पशुधन, मुर्गीपालन, सूअर पालन, मत्स्य पालन, चारा एवं आहार विकास को बढ़ावा देना तथा पशुपालन, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), किसान सहकारी संगठनों (एफसीओ) में नवाचार को समर्थन देना।

(घ) वार्षिक निधि का 30% (प्रतिशत) तक निम्नलिखित योजनाओं के अंतर्गत अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए उपयोग किया जाएगा:—

(i) आवश्यक भौतिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए भौतिक अवसंरचना बुनियादी ढांचे अर्थात सड़क, पुल, रेलवे और जलमार्ग परियोजनाऐं।

(ii) सिंचाई - चेक डैम और डायवर्सन वीयर सहित सिंचाई के वैकल्पिक स्रोतों का विकास, उपयुक्त और उन्नत सिंचाई तकनीकों को अपनाना, ड्रिप सिंचाई सहित सूक्ष्म सिंचाई सुविधाओं के लिए सहायता, बोरवेल और पंप ऊर्जाकरण के लिए सहायता।

(iii) ऊर्जा और जलग्रहण विकास- वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत (सूक्ष्म पनविजली सहित) और वर्षा जल संचयन प्रणाली का विकास। बागों का विकास, एकीकृत खेती, आर्थिक वानिकी और जलग्रहण क्षेत्रों का **पुनरूद्धार** ।

(iv) संबंधित जिले के खनन क्षेत्रों में पर्यावरण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कोई अन्य उपाय।

(3) अनुसूचित क्षेत्रों के लिए विशेष उपबंध, अनुसूचित क्षेत्रों में पीएमकेकेकेवाई निधियों के उपयोग के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित संविधान की अनुसूची V और अनुसूची VI के साथ पठित अनुच्छेद 244 में निहित उपबंधों और पंचायत उपाबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 (1996 का अधिनियम संख्या 40) और अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के प्रावधानों द्वारा निर्देशित होगी। अनुसूचित क्षेत्रों में स्थित खनन से प्रभावित गांवों के संबंध में;

(क) ग्राम सभा की अनुमोदन आवश्यक होगा:—

सभी योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं के लिए पीएमकेकेकेवाई के अधीन (सरकार के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अधीन लाभार्थियों की पहचान के लिए)

(ख) प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद संबंधित गांव में पीएमकेकेकेवाई के अंतर्गत किए गए कार्यों की रिपोर्ट ग्राम सभा को प्रस्तुत की जाएगी।

[ग्राम सभा का वही अर्थ होगा जो पंचायत उपाबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 (1996 का अधिनियम संख्या 40) के कार्यान्वयन के प्रयोजनार्थ उसे दिया गया है।]

(4) जिला खनिज संस्थान से निधि हस्तांतरण पर प्रतिबंध- जिलों के जिला खनिज संस्थान निधि के संबंध में:

(क) जिला खनिज संस्थान द्वारा निधियों के उपयोग के संबंध में अधिनियम की धारा 9 ख के उपबंधों का कड़ाई से पालन किया जाएगा;

(ख) जिला खनिज संस्थान से किसी भी तरह से कोइ भी निधि राज्य कोष या राज्य स्तरीय निधि (चाहे किसी भी नाम से पुकारा जाए) या मुख्यमंत्री राहत कोष या किसी अन्य निधि या योजना में स्थानांतरित नहीं की जाएगी; और

(ग) जिला खनिज संस्थान की निधि में से किसी भी व्यय की मंजूरी या अनुमोदन राज्य सरकार या किसी राज्य स्तरीय एजेंसी **द्वारा** राज्य स्तर पर नहीं किया जाएगा।

(घ) कोई भी निधि किसी जिले के भीतर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों के बाहर या इन नियमों में परिभाषित प्रभावित लोगों के अलावा अन्य के लिए खर्च नहीं की जाएगी।

(ङ) इन नियमों में उल्लिखित के अलावा किसी भी तरीके से एक जिले से दूसरे जिले में कोई भी निधि हस्तांतरित नहीं की जाएगी।

(च) डीएमएफ से निधियों के व्यय का अनुमोदन पूरी तरह से डीएमएफ की शासी परिषद के पास है। राज्य सरकार या राज्य स्तरीय समिति (चाहे किसी भी नाम से पुकारी जाए) के पास परियोजनाओं की मंजूरी, निधियों के व्यय की मंजूरी पर व्यापक अधिकार नहीं होगा और उनका कार्य पीएमकेकेकेवाई के अधीन स्वीकृत परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी तक ही सीमित होगा।

(छ) डीएमएफ द्वारा संबंधित राज्य सरकारों **द्वारा** निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद कार्य/सामान खरीदे जा सकते हैं। जीईएम पोर्टल के माध्यम से खरीद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

(ज) सभी निष्पादन एजेंसियों और लाभार्थियों को धनराशि का हस्तांतरण केवल प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक खाते के माध्यम में किया जाएगा।

6. नियम 18 का प्रतिस्थापन.—उक्त नियमों के नियम 18 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

" प्रशासनिक व्यवस्था.—

(1) सरकार आवश्यकतानुसार न्यास के प्रबंधन तथा वार्षिक योजना के क्रियान्वयन के लिए सेकेंडमेंट आधार पर जिला **उद्योग** केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों सहित अपने नियंत्रणाधीन कार्मिकों की सेवाएं उपलब्ध करा सकेगी, जैसा कि इस प्रयोजन के लिए आवश्यक हो।

(2) जहां तक संभव हो, जिला खनिज संस्थान मे कोई अस्थायी/स्थायी पद सृजित नहीं होना चाहिए। संस्थान द्वारा किसी भी अस्थायी/स्थायी पद के सृजन और वाहन की खरीद के लिए राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होगी। हालांकि, न्यूनतम आवश्यक कर्मचारियों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जा सकता है।

(3) जिला खनिज संस्थान की क्षमता बढ़ाने और जिला खनिज संस्थान निधियों के प्रभावी उपयोग के लिए, 50 करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक संग्रह वाले जिला खनिज संस्थान को योजना, तकनीकी, लेखांकन और निगरानी सहायता के लिए एक परियोजना प्रबंधन इकाई स्थापित करनी होगी और ऐसी पीएमयू की लागत प्रशासनिक खर्चों से पूरी की जा सकेगी। पीएमयू अनुबंध के आधार पर आवश्यक योग्य जनशक्ति को नियुक्त कर सकेगा।

(4) पीएमकेकेकेवाई के अधीन परियोजनाओं के लिए कार्मियों की नियुक्ति केवल सीमित अवधि के लिए पूर्णतः संविदात्मक होगी।

7. नियम 20-क का अंत:स्थापन.—उक्त नियमों के नियम 20 के स्थान पर निम्नलिखित नियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"20क. शिकायत निवारण एवं अनुपालन तंत्र—

(1) जिला खनिज संस्थान एक शिकायत निवारण तंत्र तैयार करेगा और उसे लागू करेगा ताकि प्रत्येक शिकायत का निवारण हो सके और कलेक्टर या किसी ऐसे अन्य अधिकारी जैसा अधिसूचित किया जाए, को शिकायत करने के 30 दिन के भीतर शिकायतकर्ता को उपयुक्त जबाब दिया जा सके।

(2) राज्य सरकार, किसी भी शिकायत/सार्वजनिक शिकायत प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक शिकायत का निवारण जिला खनिज संस्थान द्वारा किया जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायतकर्ता को उपयुक्त उत्तर दिया जाए।

(3) केंद्र सरकार, जिला खनिज संस्थान निधियों के अनुचित उपयोग, परियोजनाओं के खराब कार्यान्वयन या पीएमकेकेकेवाई दिशानिर्देशों के उल्लंघन के संबंध में कोई शिकायत/सार्वजनिक शिकायत प्राप्त होने पर—

(i) शिकायत को विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए राज्य सरकार को भेजना। राज्य सरकार, भारत सरकार से संदर्भ प्राप्त होने के 2 महीने के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

(ii) वैकल्पिक रूप से, यदि वह उचित समझे, तो केंद्र सरकार ऐसी शिकायत पर केंद्रीय टीम अथवा किसी तीसरे पक्ष द्वारा जांच करा सकेगी

(iii) राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट या केंद्रीय टीम या तीसरे पक्ष की रिपोर्ट प्राप्त होने पर, केंद्र सरकार, राज्य सरकार को ऐसे निर्देश प्राप्त होने के एक मास के भीतर आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने का निर्देश देगी।

(iv) राज्य सरकार सुधारात्मक उपायों के कार्यान्वयन पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी

(4) यदि जिला खनिज संस्थान—

(i) बंदोबस्ती निधि बनाए रखने में विफल रहता है

(ii) नियमों और दिशानिर्देशों का उल्लंघन करके किसी भी निधि को स्थानांतरित करता है

(iii) इन नियमों के किसी भी उपबंध का पालन करने में विफल रहता है

(iv) खातों का ऑडिट करवाने में विफल होता है

(v) वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने और प्रकाशित करने में विफल रहता है

(vi) राज्य सरकार या केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है तो राज्य सरकार या केंद्र सरकार निर्देश दे सकगी—

(i) किसी या सभी नए कार्यों की मंजूरी को निलंबन या पहले से स्वीकृत किसी या सभी कार्यों का निष्पादन; और/या उन बैंकों **द्वारा** किसी या सभी कार्यों के लिए धनराशि जारी करने पर निलंबन जहां जिला खनिज संस्थान निधि जमा है या निष्पादन एजेंसियों के बैंक खाते जहां जिला खनिज संस्थान से निधि स्थानांतरित की गई हैं।

(ii) राज्य सरकार या केंद्र सरकार,का यह समाधान होने के पश्चात कि आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए गए हैं, ऐसे निलंबन को वापस ले सकेगी।

(iii) यदि उपरोक्त (i) या (ii) के अधीन कोई निर्देश केंद्र सरकार **द्वारा** दिया जाता है, तो ऐसे निर्देश को वापस लेने का काम केवल केंद्र सरकार **द्वारा** ही किया जाएगा।

8. नियम 24 का प्रतिस्थापन.—उक्त नियम के नियम 24 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"24. पारदर्शिता और जवाबदेही:—

(1) प्रत्येक संस्थान एक वेबसाइट या जिला प्रशासन की वेबसाइट पर एक विशिष्ट अनुभाग तैयार करेगा और उसका रखरखाव करेगा, जिस पर अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित जानकारी होस्ट की जाएगी और उसे **अद्यतन** रखा जाएगा:—

(क) जिला खनिज संस्थान की शासी परिषद और प्रबंध समिति/चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो, की संरचना का विवरण;

(ख) खनन से प्रभावित क्षेत्रों और लोगों की सूची (आवधिक **अद्यतन** सहित);

(ग) पट्टेदारों और अन्य लोगों से प्राप्त सभी अंशदानों का त्रैमासिक विवरण;

(घ) जिला खनिज संस्थान की समस्त बैठकों का कार्यवृत्त, मिनट और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (एटीआर);

(ङ) 5 वर्ष की परिप्रेक्ष्य योजना, बंदोबस्ती निधि के निवेश का विवरण, वार्षिक योजना और बजट, कार्य आदेश और वार्षिक रिपोर्ट दस्तावेज जारी होने के 30 दिन के भीतर प्रस्तुत की जानी चाहिए;

(च) पीएमकेकेकेवाई के अधीन किए जा रहे सभी परियोजनाओं/कार्यक्रमों की चल रहे कार्यों, कार्यान्वयन की स्थिति/प्रगति की ऑनलाइन स्थिति वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिसमें कार्य का विवरण, लाभार्थियों का विवरण, अनुमानित लागत, कार्यान्वयन एजेंसियों का नाम, कार्य शुरू होने और पूरा होने की अपेक्षित तिथि, पिछली तिमाही तक की वित्तीय और भौतिक प्रगति आदि शामिल होनी चाहिए;

(छ) विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभार्थियों की सूची;और

(ज) आरटीआई अधिनियम के अधीन स्वैच्छिक खुलासे।

(2) प्रत्येक संस्थान परियोजना स्थल पर नोटिस बोर्ड पर परियोजना का विवरण तथा स्वीकृत राशि प्रदर्शित करेगा।

(3) सोशल मीडिया, फिल्मों, वीडियो आदि के माध्यम से पीएमकेकेकेवाई के अधीन कार्यान्वित योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियाँ।

(4) जिला खनिज संस्थान (डीएमएफ) निधियों के जमा कार्यों के कार्यान्वयन सहित जिला खनिज संस्थान के प्रदर्शन से संबंधित जानकारी राज्य सरकार और खनन मंत्रालय, भारत सरकार के साथ निर्धारित प्रारूप और निर्दिष्ट तरीके से साझा करेगा।

(5) केंद्र सरकार इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित करेगी। डीएमएफ के प्रशासन को सुविधाजनक बनाना, जिसमें परियोजनाओं की स्वीकृति, निधि जारी करना और परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी शामिल है। प्रत्येक जिला खनिज संस्थान को अनिवार्य रूप से केन्द्र सरकार **द्वारा** अधिसूचित तिथि से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही परियोजनाओं की स्वीकृति, निधि जारी करना और निष्पादन की निगरानी करनी होगी।

आदेश द्वारा,

आर.डी.नज़ीम, भा.प्र.से.,
प्रधान सचिव (उद्योग)

[Authoritative English text of this Department Notification No. Ind-B(F)6-31/2016-II, dated 15-05-2025 as required under clause (3) of Article 348 of the Constitution of India].

INDUSTRIES DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, the 15th May, 2025

No. Ind-B(F) 6-31/2016-II.—In exercise of powers conferred by section 15 read with sections 9B and 15A of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 (67 of 1957), the Governor, Himachal Pradesh is pleased to make the following rules further to amend the Himachal Pradesh District Mineral Foundation Trust Rules, 2016 notified *vide* this department notification No. Ind-B-F(6)-31/2016, dated 22-08-2016 and published in the Rajpatra, Himachal Pradesh on 27-08-2016 and amended further *vide* notification of No. Ind-II(F)10-7/2018 dated 28-10-2020 and No. Ind-B(F)6-31/2016-II dated 10-12-2021, namely:—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Himachal Pradesh District Mineral Foundation Trust (Amendment) Rules, 2025.

(2) These rules shall come into force from the date of publication in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh.

2. Amendment of rule 2.—In rule 2 of the Himachal Pradesh District Mineral Foundation Trust Rules, 2016 (hereinafter referred to as the 'said rules')—

(a) in sub-clause (i) of Explanation below clause (b) of sub-rule (1) for item (b), the following shall be substituted, namely:—

"(b) An area within the radius of 15 Kilometers in Himachal Pradesh from a mine or cluster of mines, irrespective of Districts boundaries concerned;"

(b) in sub-clause (i) of Explanation below clause (b) of sub-rule (1), after item (d), the following new sub-clause (e) shall be inserted, namely:—

"(e) In case of major mineral mines, Villages, Gram Panchayats or Urban Local Bodies (ULBs) within which the mines are situated and are operational such mining areas may extend to neighboring village, block, districts or even State.

Provided that if the affected area of a mine in one district also falls in the jurisdiction of another district (even if it is in another State), such percentage of amount collected from the mine by the Foundation, in proportion of affected areas, shall be transferred to the Foundation of the other district concerned for taking up the activities in such areas. A project that is for benefit of the affected area/ people, but stretches beyond the geographical boundary of the district should be taken up under the PMKKKY after obtaining prior approval of the State Government".

(c) for sub-clause (ii) of Explanation below clause (b) of sub-rule (1), following shall be substituted, namely:—

"(ii) 'Indirectly affected areas' means those areas of the Himachal Pradesh within 15 KM to 25 KM of radius from a mine or cluster of mines irrespective of Districts boundaries concerned, where the local population is adversely affected on account of economic, social and environmental consequences due to mining related operations. The major negative impact of mining can be by the way of water pollution, deterioration of soil and air quality, reduction in stream flows and depleting of ground water, congestion and pollution due to mining operations, transportation of minerals, increased burden on existing infrastructure and resources".

(d) after sub-clause (iii) of Explanation below clause (b) of sub-rule (1), the following new sub-clause (iv) shall be inserted, namely:—

"(iv) The District Mineral Foundation shall prepare and maintain an updated list of such directly and indirectly affected areas".

(e) for clause (c) of sub-rule (1), the following shall be substituted, namely:—

"(c) The following shall include "directly affected persons":—

(a) (i) 'Affected family' as defined under Section 3(c) of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013;

(ii) 'Displaced family' as defined under Section 3 (k) of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013;

(iii) Any other as appropriately identified by the concerned Gram Sabha/ ULB in directly or indirectly affected area.

(b) Persons affected by mining should include people who have legal and occupational rights over the land being mined, those with usufruct and traditional rights, and those whose livelihoods have been affected due to mining.

(c) Affected families should be identified, as far as possible, in consultation with local/elected representatives of Gram Sabha/Urban Local Body (ULB) in directly or indirectly affected area.

(d) The District Mineral Foundation shall prepare and maintain an updated list of such affected persons/local communities. The list shall be updated at least once every 5 years.

3. Insertion of rule 8-A.—After rule 8 of the said rules, the following new rule 8-A shall be inserted, namely:—

"8A.**Five years perspective planning and annual plan.—**For complete coverage of all affected people and areas in a systematic and time bound manner, long-term planning is essential. For proper utilization of funds for the implementation of works using District Mineral Foundation (DMF) funds:

(i) The districts shall conduct a baseline survey through Academic Institutions/ Renowned organizations/ agencies for perspective plan formulation. Gram Sabha/Local Bodies may aid in preparation of need assessment reports. The DMF may also use the baseline survey undertaken by any Department, if available. The reference and major findings of the surveys should be included in the Perspective Plans under PMKKKY for the District.

(ii) Based on the findings and gaps as identified through the baseline survey or any such survey/assessment, the DMF shall prepare a strategy for five years and the same shall be included in the Perspective Plan. The five-year Perspective Plan shall be prepared taking into account current balance available and likely accrual to the DMF over a period of five years. The five-year Perspective Plan shall be disaggregated into year-wise action plans.

(iii) The five-year Perspective Plan shall have separate sections on all priority sectors like drinking water, health, education, welfare of women and children, etc and other sectors like roads, irrigation etc

(iv) The five-year Perspective Plan shall be approved by the Governing Council of the DMF and displayed on the website of the DMF.

(v) The Annual Plans of the DMF to be approved by Governing Council each year shall be based upon the five-year perspective plan and success achieved in fulfilling its targets in earlier years. The Annual Plans may include some other works and expenditures considered urgent in nature although not included in the perspective plan to a maximum extent of 10% of the annual plan.

(vi) The State Government may empanel renowned organization/agencies/ universities for conducting the baseline surveys and preparing five-year perspective plans.

(vii) The Governing Council shall approve the five years perspective plan and annual plan comprising of list of projects to be taken up in financial years.

4. Insertion of rule 12-A.—After rule 12 of the said rules, the following new rule shall be inserted, namely:—

(1) State Level Monitoring Committee:- A "State Level Monitoring Committee" shall be constituted at the State level under the Chairpersonship of the Chief Secretary with Secretaries of executing Departments, Finance and Planning Department, and one representative of Ministry of Mines, Government of India as members.

(2) The Secretary of Geology and Mining Department or any other Department entrusted to supervise DMFs in the State shall be the Member Secretary of the "State Level Monitoring Committee".

(3) The Directorate of Geology and Mining or any Directorate as entrusted by the State Government shall constitute a cell to be called "State Level Nodal DMF Cell" for monitoring activities of DMFs in the State and shall act as the Secretariat to the State Level Monitoring Committee.

(4) Functions of State Level Monitoring Committee.—The State Level Monitoring Committee shall monitor performance of DMFs and compliance of transparency norms, audit and annual report of DMFs.

(5) The State Level Monitoring Committee shall meet at least twice in a year.

5. Substitution of rule 15.—For rule 15 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely:—

"15. Expenditure from the Trust Fund —

(1) The Trust Fund shall be strictly used for the benefit of persons and areas affected by mining or mining related operations and for their social and economic upliftment. The funds shall be used as far as possible in proportion to the contribution of each mine. The developmental and welfare activities to be taken up under the PMKKKY should be, as far as possible, in the nature of complementing the ongoing schemes/projects being funded by the State as well as Central Government. Activities meant to be taken up under the 'polluter pays principle' should not be taken up under the PMKKKY. However, without prejudice to the powers of the Foundation, efforts shall be made to achieve convergence with the State and the District Plans so that the activities taken up by the Foundation supplement the development and welfare activities and are treated as extra-budgetary resources for the State Plan. The DMFs shall focus on convergence with ongoing central and state schemes for achieving the Sustainable Development Goals (SDGs) in mining affected areas. While formulating schemes, DMFs will give priority to achieving targets under Aspirational Districts Programme and Aspirational Blocks Programme.

(2) The total amount that the Trust Fund likely to be received in a year shall be earmarked specifically for the following purposes:—

(a) A sum equivalent to 10% of the annual receipts should be kept as endowment fund for providing sustainable livelihood. The districts having annual collection of Rs. 10 crore or more shall maintain an endowment fund. The endowment fund may be invested in government securities/bonds and FDs of scheduled banks and other instruments. The endowment fund should be used for creating & sustaining livelihoods in areas where mining activity has stopped due to any reason including exhaustion of mineral;

(b) An amount not exceeding 5% of the annual receipts of the Foundation may be utilised for administrative, supervisory and overhead costs of the Foundation. As far as possible, no temporary/permanent posts should be created under the District Mineral Foundation. Any creation of temporary/permanent posts and purchase of vehicle by the foundation shall require prior approval of the State Government. However, minimum required staff can be engaged on contractual basis. In order to enhance the capacity of the DMFs and for effective utilization of DMF funds, the DMF with annual collection in the excess of Rs. 50 crores shall set up a Project Management Unit for planning, technical, accounting and monitoring support and the cost of such PMU may be met from administrative expenses. The PMU may engage required qualified manpower on contractual basis. Engagement of personnel for projects under the PMKKKY shall be purely contractual for a limited period only.

(c) 70 % of the total annual receipt in the District Mineral Foundation Trust shall be spent only in the directly affected areas and shall be spent under the schemes of Pradhan Mantri Khanij Kshetra Kalyan Yojna (PMKKKY) as follows:—

(i) Drinking Water Supply.—Centralized purification systems, water treatment plants, permanent/temporary water distribution network including standalone facilities for drinking water, laying of piped water supply system.

(ii) Environment Preservation and Pollution Control Measures.— Effluent treatment plants, prevention of pollution of stream, lakes, ponds, ground water, other water resources in the region including flood protection works, measure for controlling air and dust pollution caused by mining operations and dumps, mine drainage system, mine pollution prevention technologies, and measures for working on abandoned mines and other air, water & surface pollution control mechanisms required for environment-friendly and sustainable mine development.

(iii) Health-Care.—The focus must be on creation of primary/secondary health care facilities in the affected areas. The emphasis should not be only on the creation of the health care infrastructure, but also on provision of necessary staffing, equipment and supplies required for making such facilities effective. To that extent, the effort should be supplement and work in convergence with the existing health care infrastructure of the local bodies, State and Central Government. The expertise available with the National Institute of Miners' Health may also be drawn upon to design special infrastructure needed to take care of mining related illnesses and diseases. Group Insurance Scheme for health care may be implemented for mining affected persons.

(iv) Education—Construction of school building, Additional class rooms, Laboratories, Libraries, Art and crafts room, Toilet blocks, drinking water provisions, Residential Hostels for students/ teachers in remote areas, sports infrastructure, engagement of teachers/other supporting staff, e-learning setup, other arrangement of transport facilities (bus/ van/cycles/rickshaws/etc.) and nutrition related programs.

(v) Welfare of Women and Children—Special program for addressing problems of maternal and child health, malnutrition, infectious diseases, etc. can be taken up under the PMKKKY.

(vi) Welfare of Aged and Disable People—Special program for welfare of aged and disabled people.

(vii) Skill Development—Skill development for livelihood support, income generation and economic activities for local eligible persons. The projects/schemes may include training, development of skill development centre, self-employment schemes, support to Self Help Groups and provision of forward and backward linkages for such self-employment economic activities.

(viii) Sanitation—Collection, transportation & disposal of waste, cleaning of public places, provision of proper drainage & Sewage Treatment Plant, provision for disposal of fecal sludge, provision of toilets and other related activities.

(ix) Housing – Provision of pucca housing for mining affected people not covered under Central or State schemes.

(x) Agriculture–Activities related to agriculture, horticulture and agroforestry. Assistance to farmers through trainings, support to FPOs/ collectives/cooperatives, support for setting up of food processing units, storage including cold storage, marketing facilities like market yards etc., plantation, processing of medicinal herbs.

(xi) Animal Husbandry – Promotion of livestock, poultry, piggery, fishery, feed and fodder development and supporting innovation in animal husbandry, Farmers Producer Organizations (FPOs), Self Help Groups (SHGs), Farmer Cooperative Organizations (FCOs).

(d) Up to 30% of the annual fund shall be utilized for other priority areas under schemes as follows:—

(i) Physical infrastructure—to provide required physical infrastructure *viza-viz* road, bridges, railways and waterways projects.

(ii) Irrigation — developing alternate sources of irrigation including check dams and diversion weirs, adoption of suitable and advanced irrigation techniques, assistance for micro irrigation facilities including drip irrigation, assistance for bore wells and pump energization.

(iii) Energy and Watershed Development—Development of alternate source of energy (including micro-hydel) and rainwater harvesting system. Development of orchards, integrated farming, economic forestry and restoration of catchments.

(iv) Any other measures for enhancing the environment quality in mining areas of respective district.

